## नए साल के जश्न से पहले ठाणे में एक्साइज डिपार्टमेंट का एक्शन, 56 लाख की नकली विदेशी शराब जब्त



**Maharashtra News:** ठाणे में एक्साइज डिपार्टमेंट ने गुप्ता सूचना पर बड़ी सफलता हासिल की है. एक्साइज डिपार्टमेंट को सूचना मिली थी कि नकली विदेशी शराब कंटेनर में ले जायी जा रही है. भिवंडी मुंब्रा शील फाटा के पास एक्साइज डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने कंटेनर की तलाशी ली. अधिकारियों ने तलाशी के दौरान कंटेनर से 769 बॉक्स विदेशी शराब और बियर बरामद किया. एशियन पेंट के नाम पर कंटेनर में भरकर नकली विदेशी शराब की खेप कर्नाटक से मुंबई ले जायी जा रही थी.

एक्साइज डिपार्टमेंट ने कंटेनर समेत नकली विदेशी शराब और बियर को जब्त कर लिया. शुरुआती आंकलन में नकली विदेशी शराब और बियर की कीमत 56 लाख रुपये आंकी गयी है. बताया जा रहा है कि नए साल के जश्न में तस्कर शराब सप्लाई कर मोटी कमाई करने का इरादा रखते थे. एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम ने तस्करों के मंसूबे पर पानी फेर दिया. नकली शराब जानलेवा भी हो सकती है. तस्कर लोगों की जान से खिलवाड़ करने में संकोच नहीं करते हैं.

Source: https://www.abplive.com/states/maharashtra/maharashtra-news-thane-excise-department-action-against-liquor-smuggling-case-ann-2838574